रोल नं०..............................नाम परीक्षार्थी..........................................

X-10 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई० A

# सामाजिक विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 10 पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख है। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क बहुविकल्पीय प्रश्न

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुकनर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ जिस देश से हुआ, वह है :– 1
(क) जर्मनी (ख) इटली (ग) फ्रांस (घ) इंग्लैण्ड।

2. वन्देमातरम गीत का लेखक कौन था :– 1
(क) बकिंम चन्द्र चटर्जी (ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(ग) शरत चन्द्र चटर्जी (घ) अबीन्द्र नाथ टैगोर।

3. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना कब हुई थी :– 1
(क) 1940 (ख) 1942 (ग) 1945 (घ) 1944

4. औद्योगिक क्रान्ति किस देश से प्रारम्भ हुई थी :– 1
(क) अमेरिका (ख) यू.एस.एस.आर. (रूस)
(ग) इंग्लैण्ड (घ) चीन।

5. गुटेनबर्ग का छापाखाना यंत्र तैयार हुआ :– 1
(क) 1440 में (ख) 1450 में (ग) 1448 में (घ) 1458 में।

6. निम्न में से किस देश का विभाजन धर्म तथा जाति के आधार पर हुआ था:–1
(क) बेल्जियम (ख) भारत (ग) यूगोस्लाविया (घ) नीदरलैण्ड।

7. भारत में कुल कितने संघीय राज्य हैं :– 1
(क) 27 (ख) 28 (ग) 29 (घ) 30

8. भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति है :– 1
(क) श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल (ख) श्रीमती शीला दीक्षित
(ग) सुषमा स्वराज (घ) सुश्री जयललिता।

9. 2014 के आम चुनाव में कौन–सी पार्टी सत्ता में आई :– 1
(क) भाजपा (ख) कांग्रेस (ग) बसपा (घ) सपा।

10. विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश है :– 1
(क) अमेरिका (ख) ब्रिटेन (ग) बेल्जियम (घ) भारत।

11. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का निम्न में से मुख्य कारण क्या है :– 1
(क) गहन खेती (ख) वनोन्मूलन
(ग) आर्थिक सिंचाई (घ) अति पाशुचारणा।

12. 'ग्रीन इण्डिया मिशन' किस वर्ष में आरम्भ किया गया था :– 1
(क) 2013 (ख) 2012 (ग) 2014 (घ) 2011

13. सतलज नदी पर कौन–सा बाँध बनाया गया है :– 1
(क) तुंगभद्रा बाँध (ख) कालागढ़ बाँध
(ग) भाखड़ा नागल बाँध (घ) रिहन्द बाँध।

14. अंकलेश्वर में किसका उत्पादन होता है :– 1
(क) पेट्रोलियम (ख) कोयला (ग) परमाणु ऊर्जा (घ) जल विद्युत।

15. निम्न में से उस विकल्प को खोजिए जो जन–संचार माध्यम नहीं है :– 1
(क) रेडिया (ख) दूरदर्शन (ग) वायु परिवहन (घ) टेलेक्स।

16. निम्न में से कौन–सा ग्रामीण क्षेत्र के विकास का लक्ष्य है :– 1
(क) नियमित कार्य (ख) उपज की उचित कीमत
(ग) बेहतर मजदूरी (घ) ये सभी।

(पृष्ठ पलटिए)

17. प्राथमिक क्षेत्र का उदाहरण है :- 1
(क) कपास की खेती (ख) कपड़ा निर्माण (ग) सेवा क्षेत्र (घ) कोई नहीं।

18. मुद्रा का निर्गमन किसके द्वारा किया जाता है :- 1
(क) भारतीय रिजर्व बैंक (ख) भारत के राष्ट्रपति
(ग) वित्तमंत्री (घ) प्रधानमंत्री।

19. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना की गई :- 1
(अ) 1985 ई. में (ब) 1987 ई. में (स) 1995 ई. में (द) 1997 ई.में।

20. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब पारित किया गया :- 1
(क) 1986 ई. में (ख) 1984 ई. में (ग) 1982 ई. में (घ) 1985 ई.में।

## खण्ड–ख (वर्णात्मक प्रश्न)

### उपखण्ड–अ

**21.** प्रथम विश्वयुद्ध के किन्हीं तीन परिणामों का उल्लेख कीजिए। 4

**अथवा**

औद्योगिक क्रान्ति के दो प्रमुख कारण लिखिए।

**22.** भारत की विधायिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधि की स्थिति लिखिए। 4

**अथवा**

राजनीतिक दल का क्या अर्थ होता है?

**23.** अन्तर कीजिए – विलुप्त और संकटग्रस्त प्रजातियाँ। 4

**अथवा**

जीवाश्मीय ईंधन से क्या अभिप्राय है? इनमें कौन–से अवगुण पाए जाते हैं?

**24.** व्याख्या कीजिए कि किसी देश के आर्थिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्रक कैसे योगदान करता है? 4

**अथवा**

श्रम कानूनों में लचीलापन कम्पनियों को कैसे मदद करेगा?

### उपखण्ड – ब

**25.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी? इसके उद्देश्य क्या थे? 6

**अथवा**

17वीं और 18वीं सदी में लोगों में पढ़ने का उत्साह क्यों उत्पन्न हुआ? उस समय किस प्रकार का साहित्य प्रकाशित कराया गया।

**26.** 'भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है।" किन्हीं तीन प्रावधानों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

"भारत का लोकतंत्र वांछनीय आशाओं को प्राप्त कर रहा है।" क्या आप इस कथन से सहमत है?

**27.** संसाधन का क्या अर्थ है? संसाधनों के नियोजन की क्या आवश्यकता है? 6

**अथवा**

चीनी उद्योग का क्या महत्व है? भारत में चीनी उद्योग के संचरण की प्रवृत्ति दक्षिणी राज्यों की ओर क्यों दिखाई पड़ती है?

**28.** मुद्रा के प्रादुर्भाव से वस्तु–विनिमय की कठिनाईयों को किस प्रकार दूर किया जा सका है? 6

**अथवा**

वैश्वीकरण किसे कहते हैं? वैश्वीकरण को सम्भव बनाने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:-

**29.** 10
(क) सरदार सरोवर बाँध — ▬ ▬
(ख) भारत का सबासे अधिक चाय उत्पादक राज्य — ●
(ग) उत्तर प्रदेश की राजधानी — ▁
(घ) राजस्थान की राजधानी — ○
(ङ) वह स्थान जहाँ सर्वप्रथम नमक बनाया। — ⬡

नाम परीक्षार्थी.......................................अनुक्रमांक..............................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

